लापरवाही

महाविद्यालय की बड़ी लापरवाही, छात्रों का परीक्षा प्रवेश समय पर नहीं कराया

# यूजी चतुर्थ वर्ष के 20 छात्रों का भविष्य अधर में




**नौरोजाबाद नवभारत 26 जुलाई।** जिले के नौरोजाबाद महाविद्यालय में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा यूजी चतुर्थ वर्ष के 20से अधिक छात्रों का परीक्षा प्रवेश समय पर नहीं कराया गया, जिससे छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने का खतरा पैदा हो गया है। जानकारी के अनुसार 31 जुलाई से शुरू होने वाली यूजी चतुर्थ वर्ष की परीक्षाओं से पहले छात्रों को पता चला कि उनका परीक्षा प्रवेश ही नहीं हुआ है। इसके बाद छात्र-छात्राएं परेशान होकर महाविद्यालय के चक्कर लगाने लगे, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### रीवा विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई

मामला सामने आने के बाद भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पयासी ने इसे गंभीरता से उठाते हुए महाविद्यालय प्रबंधन से चर्चा की। इसके बाद कॉलेज प्रशासन आनन-फानन में रीवा विश्वविद्यालय पहुंचा और छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कराई गई। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिल पाएगी या नहीं।

### आज होगी स्थिति स्पष्ट, प्राचार्य रीवा में डटे

इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य एनपी सिंह ने बताया कि वे वर्तमान में रीवा विश्वविद्यालय में ही हैं और सोमवार तक वहीं रहेंगे। उनका प्रयास है कि सभी प्रभावित छात्रों का प्रवेश स्वीकृत हो जाए और वे 31 जुलाई से शुरू होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्या का समाधान कराने के बाद ही वे वापस लौटेंगे।

## एमपीआरएफए पोर्टल के संचालन की दी जानकारी

**डिण्डौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन अधिकार दावों के निराकरण एवं नवीन एमपीआरएफए पोर्टल पर दावों के पंजीयन एवं प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी द्वारा वनग्रामों के पंचायत सचिवों, वनरक्षकों, ग्राम स्तरीय वनाधिकार समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा रोजगार सहायकों को पोर्टल के संचालन एवं दावा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि लंबित वन अधिकार दावों के निराकरण के लिए 15 अगस्त से पूर्व वनाधिकार समितियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक से जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सचिव एवं सहायक आयुक्त राजेन्द्र जाटव द्वारा पोर्टल की तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक बारीकियों की जानकारी दी।

# बच्चों के निवाले पर डाला जा रहा डाका




▸ लखनौटी विद्यालय में मीनू के आधार पर नहीं बनता भोजन

**मानपुर नवभारत 26 जुलाई।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनौटी के एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनौटी में मीनू के आधार पर भोजन नहीं बनाया जाता।

एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार मंगलवार के दिन आंगनवाड़ी में विशेष रूप से हलवा पूरी खीर सब्जी पापड़ जैसे पोषण आहार का रहता है, लेकिन एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनौटी की आंगनवाड़ी में जली पुड़िया, सब्जी में कोई क्वालिटी नहीं, हलवा भी क्वालिटी का नहीं था और तो और सब्जी में इतनी ज्यादा मात्रा में पानी डाल दिया गया था की आलू अलग और पानी अलग दिख रहा था।

### कलेक्टर से निरीक्षण करने की मांग

कलेक्टर राखी सहाय से जनापेक्षा है की ग्राम पंचायत लखनौटी के एकीकृत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनौटी का औचक निरीक्षण किया जाए। दोषी पाए जाने पर दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उनका समूह छीन कर किसी अन्य को दिया जाए ताकि मीनू के आधार पर बच्चों को अच्छा भोजन मिल सके।

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

▸ सरपंचों की समीक्षा बैठक आयोजित



**डिण्डौरी, नवभारत 26 जुलाई।** जनपद पंचायत करंजिया के सभागार में सरपंचों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम-2026 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में पांचवें एवं पंद्रहवें वित्त आयोग, जनपद तथा जिला स्तर की राशि से स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए सरपंचों को निर्देशित किया गया।

# कैपिटल बस की लापरवाही से यात्री घंटों होते रहे परेशान

**डिंडौरी, नवभारत 26 जुलाई।** निजी यात्री बसों की मनमानी का एक और मामला सामने आया है, जहां कैपिटल बस की कथित लापरवाही के कारण छह यात्रियों को बीच रास्ते में उतार दिए जाने से उन्हें घंटों परेशान होना पड़ा।

यात्रियों ने आरोप लगाया है कि करंजिया से मंडला जाने के लिए उनसे पूरा किराया लिया गया, लेकिन डिंडौरी पहुंचने के बाद उन्हें सक्का भेजकर दूसरी बस से आगे जाने के लिए कह दिया गया।




### मंडला तक का पूरा किराया लिया

जानकारी के अनुसार, करंजिया से मंडला जाने के लिए छह यात्रियों ने कैपिटल बस में सफर शुरू किया था। यात्रियों का कहना है कि कंडक्टर ने मंडला तक का पूरा किराया वसूल किया, लेकिन डिंडौरी पहुंचने पर यह कहकर सभी को बस से उतार दिया गया कि बस आगे नहीं जाएगी और सक्का में दूसरी बस मिल जाएगी।

**ऑटो के माध्यम से सक्का तक भेजा-** आरोप है कि यात्रियों को ऑटो के माध्यम से सक्का तक तो भेज दिया गया, लेकिन वहां दूसरी बस नहीं पहुंची। इसके बाद महिला यात्रियों सहित सभी छह लोग घंटों तक परेशान होते रहे। यात्रियों का कहना है कि उन्होंने कई बार बस के कंडक्टर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन उठाना बंद कर दिया।

### किराया वापस दिलाने की मांग

घटना से नाराज यात्रियों ने पुलिस से मदद की मांग करते हुए कंडक्टर द्वारा मंडला तक के लिए वसूला गया किराया वापस दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने निजी बस संचालकों की इस तरह की कार्यप्रणाली पर कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है। हालांकि, इस मामले में बस संचालक या संबंधित पक्ष का बयान सामने नहीं आया है। यदि उनका पक्ष प्राप्त होता है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## देवरी नर्सरी में खिले रंग-बिरंगे गुलाब के फूल



**अमरपुर नवभारत।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरी में उद्यान विभाग का लगभग 10 एकड़ भूमि पर नर्सरी स्थापित हैं। जहां पर वर्तमान समय में गुलाब के अनेक प्रजाति के फूल खिले हुए हैं। जोकि आगंतुकों का मन मोह रहे हैं। जहां आम, अमरूद, नींबू एवं नाशपाती का वृहद बगीचा तैयार किया गया हैं।

कर्मचारियों की जानकारी अनुसार आम, अमरूद, नींबू और नाशपाती बारिश के मौसम में बाजार में विक्रय किए जाते हैं। इसके साथ ही भीमसेन ठाकुर द्वारा गुलाब के अनेक रंग-बिरंगे फूलों के वडिंग कर पौधे तैयार किए जाते हैं। जोकि बाजार में विक्रय भी किए जाते हैं। इसके अलावा अन्य प्रजाति के पौधे भी बृहद मात्रा में तैयार किए गए हैं।

▸ जिले की अन्य जनपद पंचायतों में निर्माण जारी देरी पर उठे सवाल

# ठप पड़ा शहपुरा जनपद पंचायत भवन का निर्माण

**शहपुरा नवभारत 26 जुलाई।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल जनपद पंचायत भवन निर्माण परियोजना के तहत शहपुरा जनपद पंचायत के लिए नए भवन की स्वीकृति मिलने और विधिवत भूमि पूजन संपन्न होने के बावजूद आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

यह मामला अब केवल प्रशासनिक देरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि क्षेत्र में जनचर्चा और सवालों का विषय बन गया है। क्षेत्रवासी जानना चाहते हैं कि जब भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, भूमि पूजन भी हो चुका है, तब आखिर निर्माण कार्य शुरू होने में इतनी देरी क्यों हो रही है?




### अलग-अलग स्तर पर मतभेद की चर्चा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल को लेकर अलग-अलग स्तर पर मतभेद और चर्चा की स्थिति बनी हुई है। हालांकि इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई अधिकृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### निर्माण स्थल पर कोई गतिविधि नहीं

जानकारी के अनुसार नए जनपद पंचायत भवन के निर्माण के लिए शासन स्तर से आवश्यक स्वीकृतियां मिलने के बाद भूमि पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, लेकिन समय बीतने के बावजूद निर्माण स्थल पर कोई गतिविधि दिखाई नहीं दे रही है।

### भूमिपूजन किस आधार पर कराया गया?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भूमि चयन या अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी, तो भूमिपूजन किस आधार पर कराया गया? और यदि सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं, तो निर्माण कार्य अब तक शुरू क्यों नहीं किया गया? आखिर वह कौन-सी बाधा है, जिसके कारण परियोजना महीनों से आगे नहीं बढ़ पा रही है?

सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध चला विशेष अभियान, 1,500 का जुर्माना वसूला

## 17 दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक की गई जब्त



**नौरोजाबाद नवभारत 26 जुलाई।** रविवार को नगर परिषद नौरोजाबाद द्वारा शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर क्षेत्र की विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 17 दुकानों से प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक पॉलीथीन जब्त की गई।

निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर 1,500 का जुर्माना लगाया गया। साथ ही सभी व्यापारियों को भविष्य में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग एवं बिक्री नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।

## झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़



**मानपुर नवभारत 26 जुलाई।** उमरिया जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला स्थित दीपांकर मलिक मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं और धडल्ले से का इलाज कर रहे हैं, जबकि बिना डिग्री के और बिना रजिस्ट्रेशन के लोगों की दवा करना गैर कानूनी है, लेकिन सभी नियमों धता बताकर मरीजों का इलाज कर रहे है।

विशेष सूत्रों द्वारा यह भी पता चला है कि दीपांकर मलिक इंजेक्शन लगाते हैं, दवा भी देते हैं और ड्रिप बोतल भी चढ़ाते हैं, जबकि बगैर डिग्री और बगैर लाइसेंस के दवा करना लोगों की जान से खिलवाड़ करना है।

### ताला लगाकर भाग गए अपने गृह ग्राम

विशेष सूत्रों द्वारा जब पता किया गया तो पता यह चला कि दीपांकर मलिक क्लिनिक में ताला जड़कर अपने गृह गांव भाग गए हैं। इसका सीधा मतलब है कि न तो उनके पास डिग्री है और न ही लाइसेंस है। कलेक्टर राखी सहाय एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी से जनापेक्षा है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करें।

## शहपुरा में लाइव सुना गया 136वां एपिसोड

**शहपुरा नवभारत।** नगर के शहीद स्मारक परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड का सामूहिक रूप से सीधा प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम में पार्षदों, समाजसेवियों और भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के बच्चों और युवाओं से प्रेरणादायी संवाद करते हुए उन्हें नवाचार, विज्ञान, खेल और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके बलिदान ने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत किया है।

# चिल्हारी में 4 वर्षीय मासूम की सर्पदंश से मौत

▸ घर के अंदर एक जहरीला सर्प दिखाई दिया

**चिल्हारी नवभारत 26 जुलाई।** मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी थाना इंदवार की चौकी अमरपुर अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में शनिवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। ग्राम चिल्हारी निवासी प्रीति उर्फ सारिका चौधरी (4 वर्ष) की संदिग्ध सर्पदंश से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मासूम बच्ची शुक्रवार रात घर में जमीन पर सोई हुई थी। शनिवार सुबह जब वह उठी तो उसके कान से खून निकल रहा था। बच्ची के रोने पर परिजनों ने पहले उसे चुप कराया और कुरकुरे खिलाए। इसी बीच उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी घर के अंदर एक जहरीला सर्प दिखाई दिया, जिससे सर्पदंश की आशंका और गहरा गई।



### अस्पताल ले जाने से पहले ही हुई मौत

इसी दौरान बच्ची की हालत लगातार बिगड़ती गई और उपचार के लिए अस्पताल ले जाने से पहले ही घर पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की सूचना मिलते ही अमरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरपुर अस्पताल भेज दिया।

### शरीर में नीलापन पाया गया : डॉ. प्रजापति

अमरपुर अस्पताल के डॉ. शिव प्रजापति ने बताया कि बच्ची के शरीर पर सर्पदंश जैसे निशान तथा शरीर में नीलापन पाया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बच्ची की मृत्यु सर्पदंश के कारण हुई है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। घटना की एक फोटो भी सामने आई है जिसमें घर के अंदर जहरीला सर्प दिखाई दे रहा है।

आयोजन

28 जुलाई को विशेष पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ होगा समापन

# सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**डिण्डौरी, नवभारत 26 जुलाई।** जैन धर्म के आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की पावन परंपरा एवं नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का केंद्र बना हुआ है।

20 जुलाई से प्रारंभ हुआ यह नौ दिवसीय महाअनुष्ठान 28 जुलाई को विशेष पूजन, पूर्णाहुति एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। आर्यिका मां 105 उपशांतमती माताी ससंघ के मंगल सान्निध्य तथा विधानाचार्य पं. प्रदीप शास्त्री के निर्देशन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर सिद्ध परमेष्ठियों की आराधना, पूजन एवं विधान का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



### भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र

पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है, वहीं प्रवचन, भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। विद्या श्री साड़ीज परिवार के तत्वावधान में सकल जैन समाज, डिण्डौरी के सहयोग से आयोजित इस महाअनुष्ठान का सौभाग्य संजीव जैन, ज्योति जैन, सीए प्रतीक जैन, शिवाली जैन, एडवोकेट सम्यक जैन, अभ्या जैन, सार्थक जैन, अनुश्री जैन, सेजल जैन, सार्विल जैन एवं समस्त पंचरत्न परिवार को प्राप्त हुआ है।

**दिया जा रहा मानवीय मूल्यों का संदेश-** महायज्ञ के माध्यम से विश्वशांति, आत्मकल्याण एवं मानवीय मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। श्रद्धालु पूरे उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ धर्माराधना में सहभागी होकर आध्यात्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील

आयोजक परिवार एवं सकल जैन समाज ने 28 जुलाई को होने वाले समापन समारोह में अधिक से अधिक धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर सिद्ध परमेष्ठियों की आराधना में सहभागी बनने एवं धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# यात्री प्रतीक्षालय बना शराबखोरी का अड्डा

▸ शराब की बोतलें मिलने से व्यवस्था पर सवाल

**करंजिया, नवभारत 26 जुलाई।** यात्रियों की सुविधा के लिए करंजिया के नए बस स्टैंड के पास बनाया गया प्रतीक्षालय इन दिनों अपने उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। यहां यात्रियों के बैठने के लिए बनाई गई जगह पर शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक की बोतलें, तंबाकू-सिगरेट का कचरा और अन्य गंदगी दिखाई दे रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्रतीक्षालय में इस तरह की गतिविधियों के चलते यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। तस्वीरों में भी प्रतीक्षालय के अंदर शराब की बोतलें और कचरा साफ दिखाई दे रहा है।




### साफ-सफाई भी नहीं होती

यात्रियों के लिए बनाए गए इस सार्वजनिक स्थल की ऐसी स्थिति जिम्मेदार विभाग की निगरानी और साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतीक्षालय की नियमित साफ-सफाई कराई जाए और यहां शराबखोरी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उचित कार्रवाई की जाए।